
हमारे अतीत - VI

# आरंभिक नगर

## अध्याय – 3

(प्रश्न-अभ्यास)

www.evidyarthi.in



www.evidyarthi.in

**प्रश्न1. पुरातत्त्वविदों को कैसे ज्ञात हुआ कि हड़प्पा सभ्यता के दौरान कपड़े का उपयोग होता था?**

**उत्तर :** निम्नलिखित तथ्यों से कपड़ों के उपयोग के विषय में पता चलता है

www.evidyarthi.in

(1) 7,000 साल पहले मेहरगढ़ में कपास की खेती किए जाने के प्रमाण मिले हैं।

(2) मोहनजोदड़ो से कपड़े के टुकड़ों के अवशेष, चाँदी के एक फूलदान के ढक्कन तथा अन्य कुछ वस्तुओं से चिपके मिले हैं।

www.evidyarthi.in

(3) पकी मिट्टी तथा फेर्योन्स से बनी तकलियाँ सूतकताई का संकेत देती हैं।

(4) मोहनजोदड़ो से एक कढ़ाईदार वस्त्र पहने व्यक्ति की मूर्ति मिली है।

www.evidyarthi.in

## प्रश्न 2.निम्नलिखित का सुमेल करो :

| | |
|---|---|
| A) ताँम्बा | (1) गुजरात |
| (B) सोना | (2) अफगानिस्तान |
| (C) टिन | (3) राजस्थान |
| (D) बहुमूल्य पत्थर | (4) कर्नाटक |

www.evidyarthi.in

**उत्तर-** (A) 3, (B) 4, (C) 2, (D) 1

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 3. हड़प्पा के लोगों के लिए धातुएँ, लेखन, पहिया और हल क्यों महत्त्वपूर्ण थे?**

**उत्तर-** हड़प्पा के लोगों के लिए धातुएं, लेखन, पहिया और हल निम्नलिखित कारणों से महत्त्वपूर्ण थे

www.evidyarthi.in

1. धातुएं-हड़प्पा के लोग धातुओं का प्रयोग बर्तन और आभूषण बनाने के लिए करते थे। तांबा, टिन और सोना इन लोगों की प्रमुख धातुएं थीं। तांबे का आयात पश्चिमी एशियाई देश ओमान से, टिन का आयात ईरान तथा अफ़गानिस्तान से और सोने का आयात कर्नाटक से किया जाता था।

www.evidyarthi.in

2. लेखन-हड़प्पा के लोगों की अपनी एक विशेष लिपि थी। हड़प्पा से मिले अवशेषों में इस लिपि के बड़े-बड़े अक्षरों को पत्थरों में खुदा पाया गया है। इस प्रकार की लिपि मुहरों पर. छपी मिली है।

3. पहिया-पहिए की सहायता से हड़प्पा के लोग छकड़ों तथा गाड़ियों को खींचते थे। वे इसकी सहायता से मिट्टी के बर्तनों को गोल करने का काम भी करते थे।

www.evidyarthi.in

4. हल-हल से भूमि की जुताई की जाती थी। हल खेती करने के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण था। पक्की मिट्टी से बने खिलौना हल बच्चों के खेलने के काम आते थे।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 4. इस अध्याय में पकी मिट्टी (टेराकोटा) से बने सभी खिलौनों की सूची बनाओ। इनमें से कौन-से खिलौने बच्चों को ज्यादा पसंद आए होंगे?**

**उत्तर :** पकी मिट्टी (टेराकोटा) से बने खिलौनों की सूची|

1.खिलौना गाड़ी
2.गुड़िया

www.evidyarthi.in

3. विभिन्न पशुओं की आकृति के खिलौने; जैसे—याक, बैल, सुअर, भैंस, भालू आदि।
4. चिड़िया के आकार की सीटियाँ
5. खिलौना हल

शायद बच्चों को इन खिलौने में से खिलौना गाड़ी, पशुओं की आकृति वाले खिलौने तथा चिड़िया के आकार की सीटी अधिक पसंद आई होगी।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 5. हड़प्पा के लोगों की भोजन सामग्री की सूची बनाओ। आज इनमें से तुम क्या-क्या खाते हो? निशान लगाकर बताओ।**

**उत्तर-**

| क्र०स० | हड़प्पा के लोगों की भोजन सामग्री | भोजन सामग्री जिसे हम आज भी खाते हैं |
|---|---|---|
| 1. | गेहूं | हा |

# CLASS VI CHAPTER 3 आरंभिक नगर (NCERT)

www.evidyarthi.in

| क्र०स० | हड़प्पा के लोगों की भोजन सामग्री | भोजन सामग्री जिसे हम आज भी खाते हैं |
|---|---|---|
| 2. | जौ | हा |
| 3. | दालें | हा |
| 4. | धान | हा |
| 5. | तिल | हा |
| 6. | मटर | हा |

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 6. हड़प्पा के किसानों और पशुपालकों का जीवन क्या उन किसानों से भिन्न था जिनके बारे में तुमने पिछले अध्याय में पढ़ा है? अपने उत्तर में इसका कारण बताओ।**

**उत्तर : अंतर**

1.हड़प्पा के किसान और पशुपालक पूर्ववर्ती किसानों और पशुपालकों की तुलना में अधिक प्रकार की फसलों का उत्पादन करते थे।

www.evidyarthi.in

2. हड़प्पा के किसान पूर्ववर्ती किसानों की तुलना में विभिन्न उपकरणों जैसे हल आदि का भी उपयोग करते थे।

3. हड़प्पा के किसान कृषि उत्पादों को गाड़ियों के द्वारा नगरों में भी भेजते थे, जबकि पूर्ववर्ती किसान ऐसा नहीं करते थे